श्री शरद यादव (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं पंजाब के सवाल पर अपने वक्त के अनुसार ही बोलूंगा । महोदय पंजाब समस्या जो है इसने पूरे देश के लोगों के मन को लगातार कई वर्षों से तकलीफमय बनाकर रखा है और मैं सोचता हूं कि विस्तारपूर्वक दोनों तरफ के माननीय सदस्यों ने बोलने का काम किया । जो बातें लोगों ने रखी हैं म कोशिश करूंगा कि उन पर ज्यादा न बोलूं । अपने मन में और अपने जेहन में जो ठीक और दुरुस्त बात लगती है वह आपके सामने मैं रखना चाहता हूं । जो मेरे मित्र हैं आज जो राज में बैठे हुए हैं वे पंजाब के सवाल पर ही हैं यानी मैं मानता हूं कि श्रीमती इंदिरा गांधी की जो घृणित हत्या हुई वह कभी होनी नहीं चाहिए, किसी भी लोकशाही और लोकतंत्र में हत्या से और गोली से कोई काम नहीं बनता, लेकिन यह पंजाब का सवाल ही पूरी तरह से आपने इस सवाल को बिगाड़ करके अपनी तबीयत से हल करके या सुधार के इस सवाल पर ही आप यहां राज में बैठे हुए हैं । मैं इसलिए इसको याद दिलाना चाहता हूं कि पंजाब के सवालों पर, और पंजाब के सवाल को हल करने के लिए यानी राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा है जो आपने बताया था । जो पिछला चुनाव था उसमें सब से ज्यादा खतरा लोगों के दिमाग में लगता था कि पंजाब का है । उस समय श्रीमती इंदिरा गांधी जी की हत्या हुई थी, ऐसे कूल्ड स्थापित उनकी शहादत हुई थी । इस सवाल को अपने एकता का सवाल बना करके चुनाव लड़ने का काम किया और चुनाव जीतने का काम किया । मैं सोचता हूं कि चुनाव जीतने और श्रीमती इंदिरा गांधी से पहले भी एक नहीं कई उपाय आप कर चुके हैं यानी कानून के, लोकशाही और लोकतंत्र को खत्म करने के कई तरह के गवर्नर बदलने के, और मेरे ख्याल से आपने कई गवर्नर बदल डाले । मैं उनके नाम नहीं लूंगा नहीं तो एक लंबी लिस्ट हो जाएगी लेकिन आपने लगातार गवर्नर बदले, लगातार कानून बदले आपने लगातार कई तरह के उपाय पंजाब के सवाल को हल करने के लिए किए ।

[उपसभाध्यक्ष (श्री मुस्तफाबिन कासिम) पीठासीन हुए]

मान्यवर, ऐसा लगता है कि यह सरकार लोकतंत्र और लोकशाही के जितने उपाय हैं उनसे थक चुकी है और थक करके इतने सारे के सारे उपाय निदान और सारे के सारे रास्ते खबरें के रास्ते में देख लिए हैं । एक पुलिस के अफसर ने देख लिये हैं । हिन्दुस्तान का मानस एक दिन का खड़ा हुआ नहीं है सदियों का खड़ा हुआ है । बहुत से माननीय सदस्य उसे खड़े हुए दिमाग से बोल रहे थे । मैं उनके नाम नहीं लेना चाहता । यह देश एक वर्ष का, दो वर्ष का, नहीं । लम्बे समय इस देश की गुलामी की है । दुनिया का कोई हमलावर ऐसा नहीं है जो कि कभी इस देश में हार कर गया हो हमेशा जीत कर ही गया है । यदि हमारे संस्कार, धर्म और संस्कृति के साथ समन्वित रूप में महान होता तो मैं निश्चित रूप से मानता हूं कि हमारा इतिहास इस तरह का कलंकित नहीं होता, वह इतना दरिद्र नहीं होता ? यह इतिहास हमारा इतना दरिद्र है, हमारे संस्कार इतने बिगड़े हुए हैं । दुनिया में कोई मुल्क है, जो धर्म के आधार पर बंटा हो ।

जो मित्र कह रहे हैं कि दुनिया में कोई अतिवाद सफल नहीं होता । मैं माननीय सदस्यों से कहना चाहता हूं कि दुनिया में कोई देश हमारे देश जैसा नहीं है, कोई इंसान हमारे यहां के इंसानों जैसा नहीं है । जितनी बीमार इस देश की कौम है और इस देश का आदमी है उतना

बीमार दुनिया में कम आदमी हैं । यहां इस देश में ऐसे आदमी है, 500—700 लोग देवराला में हैं और जब सती होनी वाली लड़की उठकर के भागने लगी तो वहां एक मेरे बहुत पक्के साथी हैं, कहा—आग की लपट से और जलन से जब वह लड़की भागने लगी तो वहां जो डंडा लेकर तड़पन करता है, उसने सिर में मारकर उसे धक्का देकर उस औरत को वहां गिराया, 500 आदमी वहां खड़े थे, उनको विश्वास था कि यह सती विश्वास से नहीं हो रही है, जबरदस्ती लकड़ी मार कर सती की जा रही है, लेकिन कहीं कुछ प्रतिरोध नहीं । यह देश सड़ा रहे और सड़े तरके से लोगों को मरने का काम चले, यह दुनिया की किसी आबादी में होड़ नहीं सकता । सौ साल, सवा सौ साल का परिवर्तन, समाज परिवर्तन हम एक मिनिट में पी जाते हैं ।

इधर आप टी०वी० पर रामायण सीरियल दिखा रहे हैं, जिसमें रावण के भाई की पत्नी की शहादत और सती होने का बड़ा भारी किस्सा है और दूसरी तरफ सती प्रथा को हमगाली देने का काम कर रहे हैं । हमारे जैसा दूहरा, तिहरा, चौहरा मानस और किसी का नहीं हो सकता । मैं कहना चाहता हूं कि हमारे संस्कार खराब हैं । धन के नाम पर दुनिया में कोई देश बंटा नहीं, यह देश बंटा है ।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से साफ-साफ कहना चाहता हूं कि आपकी सरकार ने और मेरे ख्याल से सन् 1947 की जो तारीख है और आजादी की जो लड़ाई है, उसका सबसे बड़ा नेता है महात्मा जी—महात्मा गांधी । उससे शानदार आदमी इस देश में कोई पैदा नहीं हुआ । इस देश को शहरी आजादी और इस देश के साधारण आदमी को चाहे वह रिक्शे वाला है, चाहे तांगे वाला है खेत वाला है, चाहे झाड़ू वाला है और चाहे बहुत पूंजी वाला है, सबको बराबर करके जो वोट का अधिकार दिया है, लोकशाही दी है, वही इस देश की सबसे बड़ी आशा है, वही इस देश का सबसे बड़ा विश्वास और सबसे बड़ा सपना है, जिसके चलने यह देश और मुल्क बदल सकता है । यह तभी बदल सकता है, जब उस पर अमल हो । इस देश का आदमी जब चुनाव लड़ता है तब ईमान होता है और चुनाव लड़ने के बाद वह फिर जाति होता है, धर्म होता है, मजहब होता है ।

मान्यवर, मैं एक घटना बताना चाहता हूं । राम का रथ चल रहा था तो उस समय मैं मुजफ्फरपुर में, बिहार के एक टाऊन में था । वहां चुनाव होने वाला था नगरपालिका का । इधर रथ आने वाला था । तो सारी की सारी पार्टियों के लोग आए और बोले कि किसी तरह से इस रथ-यात्रा को रुकवाय, हिन्दू भी मुसलमान भी । तो मैंने कहा—क्यों रुकवाना चाहिए ? उन्होंने सारा एक्सप्लेनेशन दिया, सारी चर्चा की, बहस की और उसका नतीजा यह था कि यदि यह रथ आएगा तो जो चुनाव है, उसमें हमको बहुत दिक्कत हो जाएगी जीतने में, इसलिए उसको रोका जाय । चुनाव आ गया है, इसलिए रथ नहीं आना चाहिए और यदि चुनाव नहीं होता तो जरूर रथ आना चाहिए । यह मानस है हमारा । जब चुनाव आता है तो सब धर्म के लोग सब तरह के लोग मन में विश्वास करेंगे कि यह देश इस तरह चलगा, और उनको कहना पड़ता है कि हम सेकुलर है ।

मान्यवर, इस हाउस में इस सदन में और उस सदन में, जो सबसे बड़ा चुना हुआ सदन है, कोई नहीं कह सकता कि धर्म से और संप्रदाय से कोई समस्या हल हो सकती है । यह महात्मा जी का कहा है यह उनका त्याग है, उनके साथ जो पैदा हुए उनके त्याग और तपस्या का फल है ।

मान्यवर, मैं इस राष्ट्रपति शासन की छह महीने की जो अवधि पंजाब में बढ़ाई जा रही है । उसका विरोध करने के लिए अपनी पार्टी की ओर से खड़ा हुआ हूं । मैं आपसे फिर कहना चाहता हूं कि इस देश की समस्या का समाधान अगर आप चाहते हैं तो साल पांच साल के चुनाव को कुछ और कम कर दीजिए, यदि आप चुस्त रहना चाहते हैं, दुरुस्त रहना चाहते हैं । मैं यह नहीं कहा रहा हूं कि आप ही खराब लोग हैं, हो सकता है कि हमारी तरफ के लोग उधर बैठ तो इस तरह के

[श्री शरद यादव]

बददिमाग और बद, काम करने वाले हों। मैं मानता हूं कि संस्कार हजारों वर्ष के हैं और उम्र है लोकतंत्र की पांच साल दस साल या बीस साल। हमारे संस्कार हम पर कई बार, कई तरह से, कई जगह से हमला करते रहते हैं। नतीजा होता है कि हम खराब काम में जल्दी लगते हैं, खराब काम की तरफ पूरे देश को ले जाते हैं।

मैं फिर कहना चाहता हूं कि पंजाब की समस्या का जैसे कुछ यह सरकारी लोग कहते हैं कि वहां पर सरकार बन ही नहीं सकती, जिस तरह से यह इस देश में कहते हैं कि कांग्रेस पार्टी का कोई विकल्प नहीं है। इसका मतलब यह है कि सदियों तक आप कांग्रेस पार्टी को घूरा और कूड़ा बनाकर उसमें कीड़े पैदा करते रहिए, यह आपका तरीका चलता है। यही पंजाब में हो रहा है। महात्मा गांधी जी के जमाने में आजादी की लड़ाई में भी ब्रिटिश कहते थे कि यह देश आप से नहीं चल सकता है, इसको आप काबू नहीं कर सकते हो। महात्मा जी कहते थे कि इस देश को हम चलाएंगे चले ही लड़ते रहेंगे लेकिन आप अंग्रेज तो चले जाओ। मैं फिर कहता हूं कि बहु तर्क कोई तर्क नहीं है। राजीव गांधी की सरकार पूरी तरह बदनाम हो चुकी है। यह सरकार जिन वायदों पर बनी है, उसमें मुख्य मुद्दा पंजाब का था। लोग भूल गए। मानस छोटा होता है हम लोग भी इतने मजबूत नहीं हैं कि अगर वायदाखिलाफी की तो गर्दन पकड़कर आपको बाहर फैंक दें। लेकिन देश फैंक रहा है। इसलिए मैं आप सब में कहना चाहता हूं कि यदि आप चुनाव कराएंगे तो ही पंजाब की समस्या का समाधान निकलेगा। वहां आपने प्रदेश के दो हिस्से कर दिए हैं। एक हिस्से में भारतीय रहेगा और दूसरे हिस्से में... वहां अगर एक आदमी भी राष्ट्रभक्त है तो हमें उसके लिए कानून बनाकर रखना पड़ेगा। यदि ये आपका मानस है कि सब अकाली खालिस्तानी हैं तो यह देश को बांटने का तरीका है, हिटलर का तरीका है। देश की आजादी की लड़ाई में सिखों और अकालियों का कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने देश की आजादी के लिए कुर्बानी दी है। इस देश में जब इमरजेंसी लगी तो इस देश में सब जगह सन्नाटा था। लेकिन स्वर्ण मंदिर से अकालियों ने, सैंकड़ों लोगों ने गिरफ्तारी दी। उन्होंने इस देश की आजादी के लिए कुर्बानी दी है। इसलिए मैं फिर कहना चाहता हूं कि इस देश में यदि 5 वर्ष के बजाय 2 वर्ष में चुनाव कराए जाएं तो समस्या का समाधान जल्दी होगा। इस देश में जब कमजोर सरकार रही है, तो कार्य अच्छे हुए हैं। जिस समय सन् 71 में श्रीमती इंदिरा गांधी जीती थीं या मध्यावधि चुनाव हुआ था, मान्यवर जो पुराने लोग बैठे हुए हैं वे जानते हैं कि जब इंदिरा जी कमजोर थीं तभी उन्होंने राष्ट्रीयकरण किया था, तभी राजाओं के प्रिवीपर्स बंद किए गए थे। मान्यवर, यहां जब चुनाव आते हैं, तभी इंसान जागता है और तभी सरकार जनता की तरफ मुड़ती है। इसलिए पंजाब में चनाव करना एक मात्र रास्ता है। आप इस प्रेसिडेंट रूल में 6 महीने में समस्या पर काबू नहीं पा सके। मैं इस सरकार से दो-तीन सवाल पूछता हूं—6 महीने के बाद की आपकी क्या (योजना) प्लानिंग है। आपकी सरकार इसी मुद्दे पर बनी थी और इस मुद्दे का समाधान आपसे नहीं हो रहा है। आप देश में राष्ट्रीय एकता के सवाल पर चुनाव जीते थे। आपको फिर से चुनाव के लिए जनता के सामने जाना चाहिए। तभी इस समस्या का समाधान निकल सकता है। यदि आप बेशर्म बनकर डटे रहें जब तक कि आपकी गर्दन को पकड़कर बाहर न निकाला जाये तो बैठे रहिए बेशर्म बनकर, जरूर बैठे रहिए लेकिन एक उपाय करिए कि ग्राम पंचायतों के चुनाव करवा दीजिए। वहां जो शहर की नगरपालिका है, उनके चुनाव करवा दीजिए। वहां चुनाव प्रकिया को शुरू कर दीजिए। छह महीने के बाद फिर आपको मौका मिला है कि आप पूरे प्रांत में चुनाव करा सकें और मान लीजिए कि आप चुनाव नहीं करा रहे हैं तो 6 महीने

के बाद आपकी क्या जना है? अकेले रेबरो और वहां की पुलिस पर आप कब तक निर्भर रहेंगे। आपने उन्हें वहां भगवान बनाकर खड़ा कर दिया है। आपने यह सोच लिया है कि पुलिस या रेबरो से ज्यादा न्याय करने वाला और कोई दूसरा नहीं हो सकता। आप इस बात पर पहुंच गए हैं। यदि यह आपके अंदर है तो आपका बहुत बुरा अंत होगा। इसलिए आप गांव की पंचायतों के चुनाव करा दीजिए। नगरपालिका के चुनाव करा दीजिए, जिला परिषद के चुनाव करा दीजिए। चुनाव प्रक्रिया, शहरी आजादी की प्रक्रिया को, मत स्थगित करिये वरना यह देश आपको धकियाकर निकाल देगा। इस देश में धार्मिक उन्माद की जड़ें बहुत गहरी हैं। इस उन्माद को मत बढ़ाइए। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री चतुरानन मिश्र (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, पंजाब की समस्या पर यह सदन कई सालों से चर्चा करता आ रहा है। कठिन समस्या है और उस समस्या के निदान के लिए सरकार की तरफ से जो सुझाव आ रहे हैं वे काम नहीं कर रहे हैं। कभी हम राष्ट्रपति शासन बनाते हैं, वह भी काम नहीं कर पाता। आपने फिर राष्ट्रपति शासन कायम किया और फिर कह रहे हैं कि इसको आप बढ़ा दीजिए। यह कोई समस्या का निदान नहीं लग रहा है।

महोदय, मैंने मंत्री महोदय की रिपोर्ट और जो वक्तव्य उन्होंने दिया उसको ध्यान से सुना। मुझे ऐसा लगा कि किसी मंत्री का नहीं, इंस्पेक्टर आफ पुलिस जैसे वह रिपोर्ट दे रहा है क्योंकि उसमें सिर्फ इतना ही जिक्र है कि पहले इतने मारे जाते थे, अब इतने मारे जाते हैं, पहले इतने पकड़े गए थे, अब इतने पकड़े गए हैं, पहले इतनी छोटा-मोटी हुई थीं अब इतनी हुई हैं। हमने उम्मीद की थी कि सरकार के मंत्री की यह रिपोर्ट होगी जिससे पंजाब समस्या के बारे में हम गंभीरता से विचार करें। हमारे सरकारी पक्ष के लोगों ने भी कहा है कि यह राष्ट्रीय समस्या है। ठीक है राष्ट्रीय समस्या है तो उसका निदान भी राष्ट्रीय होना चाहिए। निदान के लिए हम लोग छोटे-छोटे सुझाव देते हैं, लेकिन आप सुनने के लिए तैयार ही नहीं होते, तो फिर यह समस्या राष्ट्रीय कैसे हुई? आप कहते हैं लेकिन करते कुछ नहीं हैं। जोधपुर में लोग नजरबंद हैं। हमने कभी यह नहीं कहा कि सबको आप छोड़ दीजिए, लेकिन विचार तो कीजिए। हमने ऐसे ऐसे विचार किया और इतनों को छोड़ा, कुछ तो आप कहिए। आप इस बात पर भी विचार करने के लिए तैयार नहीं हैं। हमने आपसे फिर यह भी कहा था कि दिल्ली और भारत के अन्य हिस्सों में जो सिख विरोधी दंगे हुए उन लोगों को सजा देनी चाहिए, कमीशन ने जांच करके दी है, तो आप इसको भी टालते जा रहे हैं। तो इससे और भी जख्म गहरा होता चला जा रहा है। यह तो साफ है कि या तो आप नालायक हैं, इसलिए नहीं कर रहे हैं। अगर नालायक हैं तो आपके लिए 6 महीने और बढ़ाना हम लोगों की नालायकी होगी। तो जो छोटे-छोटे सुझाव हम देते हैं, उनको भी आप नहीं मानते हैं तो आप कैसे कहते हैं कि यह राष्ट्रीय समस्या है?

अभी जिस ढंग से बहस चली है और पहले भी सरकार का ख्याल था कि इसका एक मात्र हल पुलिस ऐक्शन है और विपक्ष के कुछ लोगों को ऐसा लगता है कि इसका एकमात्र उपाय राजनीतिक समाधान है। मेरा ख्याल है कि आपको दोनों को कंबाइन करना होगा और दोनों में भारत सरकार फेल कर रही है। मैं प्रशासनिक चीज को लेता हूं। आप बार्डर पर पेटी लगाइए सुरक्षा की या नहीं, लेकिन पेट्रोलिंग तो इतनी ऐफिशियेंट होनी चाहिए कि उधर से लोग आ न सकें और हमारे देश में खुराफात न कर सकें। अगर आप यह नहीं रोक सकते हैं तो आप किस मुंह से कहते हैं कि वहां राष्ट्रपति शासन बढ़ा दो, आप किस मर्ज की दवा हैं? दूसरे, हम कहेंगे कि अभी जो एक नया हथकंडा टैरोरिस्टों ने शुरू किया है वह मोटरेबल रोड्स के एरिया

[श्री चतुरानन मिश्र]

में नहीं, नान-मोटरेबल रोड्स के एरिया में है जहां वे मोटर बाइक पर आते हैं और कई गांवों में हत्या करके भाग जाते हैं। आप इसका भी निदान नहीं निकाल पाएं तो आप वहां पर किस बात के लिए हैं ?

तीसरी बात, सरकार आतंकवादियों की होने वाली कार्रवाईयों का पहले से अन्दाज कर प्रतिरक्षात्मक कार्रवाई नहीं करती है बल्कि 500–700 आदमियों के मारे जाने के बाद कदम उठाती है। पक्की सड़कों को छोड़ के गांवों की कच्ची सड़कों पर अपनी कार्रवाई कर सकते हैं, यह सरकार नहीं सोच सकी।

चौथी बात यह है कि आपकी सैक्युरिटी फोर्स तो वी०आई०पी० लोगों के यहां लगी हुई है और हम लोग जो लड़ने के लिए तैयार हैं, कम्युनिस्ट है या आपकी पार्टी के भी कुछ लोग हैं, मैं नहीं कहता कि हमारी ही पार्टी के लोग हैं, उनको हथियार देने की बात छोड़िये, यहां पर बूटा सिंह जी नहीं हैं, हमारी पार्टी के कुछ लोग सिंगापुर से हथियार खरीदकर ला रहे थे, पर दिल्ली में आकर उनको रोक दिया। जायज खरीदे हुए हथियार भी उनको आप० अभी तक नहीं दिए हैं। लेकिन जो आतंकवादी हैं उनको यह खुली छूट है कि वे विदेशों से रुपया भी लेकर यहां बांटें, हथियार भी बांटें। हम रुपया देकर खरीदकर हथियार लाते हैं तो भी आप हमारी बात को नहीं मानते हैं। यहां तो आपकी सरकार चल रही है इसलिए आप को नहीं रहना चाहिए।

आप एक-एक गांव को ले लीजिए वे सब थाना हेडक्वार्टर से 20-20, 25-25 किलोमीटर दूर हैं ये एरिया कौन से हैं ? ये एरिया वे हैं जैसे मनोचहल जहां घनघोर आतंकवाद छाया हुआ है। वहां पर लोगों को थाना में जाने के लिए 20-25 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है जाकर खबर देनी पड़ती है। तरनतारण में भी ऐसे एक गांव थाने से 20 किलोमीटर दूर है, अमृतसर थाने में भी ऐसे गांव हैं जो 16 किलोमीटर दूर हैं। इस समस्या का निदान कैसे होगा ? क्या आप इतनी पुलिस दे सकते हैं जितनी वहां चाहिए ? आपने वी०आई०पी० लोगों को पुलिस दी हुई है और बाकी को मरने के लिए छोड़ दिया है। इसलिए कहता हूं कि गांवों में जो विश्वसनीय लोग हैं जो आतंकवाद से लड़ना चाहते हैं उनकी सूची बना कर उनको हथियार दीजिए ताकि वे मुकाबला कर सकें। आप यह करते नहीं हैं। नतीजा यह हो रहा है कि लोग मरते जा रहे हैं और यहां आप डिस्कशन कर रहे हैं। अभी जगदेवकलां में 12 व्यक्ति मारे गये थे क्योंकि वहां कोई पैट्रोलिंग नहीं थी। इसलिए मैं आपसे कह रहा हूं कि आप लोग प्रशासनिक ढंग से टोटली फेल्योर हैं।

दूसरी पोलिटिकल साइड है। अकाली दल दो हिस्सों में बंट गया है। दोनों हिस्सों में टकराव हो गया है। दोनों हिस्से अलग-अलग हो गये हैं। मैं मानता हूं इन लोगों ने पहले आतंकवादियों को प्रोत्साहन दिया था। मैं यह भी मानता हूं कि भिंडरवाला को रूलिंग पार्टी ने प्रोत्साहन दिया था। आपने उनको संत कहा था। इस देश में राजनीतिज्ञ ही चल रहे हैं। देशद्रोही हैं। इसलिए हम अपने वोट के लिए राज चलाने के लिए कर रहे हैं। आपने भी ऐसा काम किया था, अकाली भी करते थे। अभी कुछ नई बातें आई हैं जिन्हें नोट करना चाहिए। लेकिन अकाली पार्टी के … इंडिपेंडेंट आफ पंजाब के लिए … के समर्थन में आप लोग हाथ उठाने के लिए तैयार हैं। जब ऐसा है तो हम लोगों की क्या जरूरत है। (व्यवधान) यहां से तो वाक-आउट कर सकते हैं लेकिन पंजाब से तो हम वाक-आउट नहीं कर सकते। सदन से हम वाक-आउट कर सकते हैं। इसी लिए मैं कुछ बातें आपके सामने रख रहा हूं।

अभी अकाली दल के दोनों दल आतंकवादियों के खिलाफ हो गये हैं। एक गुट के नेता बादल और टोहरा जेल में हैं। हम कहना चाहेंगे कि आप उनको एक बार छोड़ दीजिए और फिर देखिये

वह क्या बोलना चाहते हैं । पहले जैसा बोलते हैं तो फिर जल भेज दीजिए, आतंकवाद का समर्थन करते हैं तो फिर उनको जेल भेज दीजिए । अभी जो उनमें मतभेद उठा है उसका भी आपको फायदा उठाना चाहिए और उसके बारे में आपको कुछ सोचना चाहिए । जो श्रीगुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी है उनमें भी आतंकवादियों का टकराव हो गया है । आप इसके बारे में विचार कीजिए और कहिये कि हम ऐसा कर रहे हैं । लौंगोवाल के साथ जो समझौता हुआ था उसमें एक नया अध्याय जुड़ गया है । आपकी सरकार अब हरियाणा में नहीं है । हरियाणा में दूसरी पार्टी की सरकार है । पहले जब आपकी सरकार थी तब आप कोई वैटलमेंट नहीं करा सके । अब नई सरकार आयी है उसके साथ विचार करना होगा । उनको जनता ने चुना है । अगर आप उसके भी खिलाफ होंगे तो वहां पर भी आन्दोलन शुरू हो जायेगा । मैं आप से कहना चाहता हूं कि बरनाला जी के वक्त में एक काम अच्छा हुआ था । वे सभी राजनीतिक पार्टियों के लोग जो आतंकवादियों से लड़ना चाहते थे उनको मिलाकर आतंकवाद के विरुद्ध अभियान चलाना चाहते थे । जब से आपका शासन आया है यानी राष्ट्रपति शासन आपने उस कार्रवाई को ठप्प कर दिया, बंद कर दिया । अब आपकी पार्टी अकेली खड़ी है । सभी पार्टियां अलग अलग काम कर रही है । (समय की घंटी) मैं यह कह रहा था कि नये एलीमेंट पंजाब की राजनीतिक में आ गये है । इसलिए प्रधान मंत्री जी अविलम्ब सभी राजनीतिक पार्टियों को जो रिकोगनाइज पालिटिकल पार्टीज हैं, के साथ बैठकर इस पर बातचीत कीजिए और इस मामले का निदान कीजिए । अलग अलग बात करके और फिर सामूहिक ढंग से बात करके कोई रास्ता निकालें । समस्या की जड़ अभी भी धर्मान्धता है, इसको आप मत भूल जाये । मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं और अभी हमारे पूर्व वक्ता जो हैं उन्होंने कहा है कि जिस तरह से रामायण दिखाया जा रहा है इसके द्वारा धार्मिक उन्माद पैदा कर रहे हैं। कांग्रेस के लोगों ने भी इसका विरोध किया है। इसलिये आपको इस सवाल पर गहराई के साथ विचार करना चाहिए । मैं एक बात आपके सामने रखना चाहता हूं । जो वर्तमान सरकार है वह मजदूर विरोधी रुख ले रही है । मजदूर लोग बराबर आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहे हैं । हमारे दर्जनों मजदूर मारे गये हैं । फिर भी अभी सरकार ने मिनिमम वेज जो रिवाइज्ड किया उसमें ईंट-भट्टा मजदूरों, खेतिहर मजदूरों, एग्रीकल्चर वर्कर्स, पी० डब्लू० डी० के मजदूरों की तनख्वायें को रिवाइज्ड नहीं किया है क्योंकि आप सामतों को खुश करना चाहते हैं इसलिये आप खेत मजदूरो की तनख्वाह नहीं बढ़ाना चाहते हैं। जो आपकी मदद में हैं, जो आतंकवाद के साथ मुकाबला करने में आपकी मदद करते हैं उनके पक्ष में आप काम नहीं करते हैं और फ्यूडल एलीमेन्ट्स के साथ गठबंधन करते हैं । अभी 65 दिनों तक नर्सेज की हड़ताल हुई लेकिन आपने उसको भी नहीं सुना । इसलिये राष्ट्रपति शासन मजदूर विरोधी शासन के रूप में काम कर रहा है । इसलिये हम कहेंगे कि आप इसकी अवधि मत बढ़ाइये ।

मैं आपसे यह भी कहना चाहता हूं, शासक पार्टी के बहुत से लोग आजादी की लड़ाई में लड़े हैं और वे जानते हैं कि पुलिस क्या है । इसको वे समझते हैं । कल शासक पार्टी के एक माननीय सदस्य कह रहे थे कि हरियाणा में बूथ कैप्चरिंग हुई है । इससे हमको लगा कि अब वे समझने लगे हैं और अगर थोड़े दिनों में और भी विपक्ष की सरकारें ज्यादा राज्यों में कायम हो जांय तो तब इस बात को और ज्यादा समझने लगेंगे। अभी थोड़ी कसर है। जब तक बिहार और उत्तर प्रदेश में विपक्ष की सरकार नहीं आ जाती है तब तक शासक पार्टी के लोग सारी बात नहीं समझ सकते हैं । . . . (व्यवधान) . . . आप पुलिस पर कैसे विश्वास कर सकते हैं । मुझे रैबरो के बारे में कुछ नहीं कहना है । लेकिन जैसी हमारी पुलिस है उसके बारे में हम सब जानते हैं । वहां भी इसी तरह के लोग पुलिस हैं वे कहीं और से नहीं आये हैं । हम को

[श्री चतुरानन मिश्र]

आप बतायें कि क्या फिर वहां गांधी जी ने जन्म लिया है और वे वहां पुलिस आफिसर हैं, क्या इंदिरा जी ने जन्म लिया है ? वही पुलिस वहां भी है जो यहां है। महोदय, मैं एक घटना का उदाहरण देकर अपनी बात समाप्त करूंगा जिससे आपको पता चलेगा कि हमारी पुलिस कैसी है । महोदय, दरभंगा जिले में बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान को लेकर वहां कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और जनता पार्टी के लोगों ने प्रदर्शन किया। वहां की पुलिस ने उन नेताओं को पकड़ कर और किस कोटि के नेता लोगों को जो कि तीन-तीन बार एम० पी० रह चुके हैं श्री भोगेन्द्र झा, श्री विजयकांत, ठाकुर डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी सी०पी०आई० एम०), श्री शिव चरण सिंह जो कि जनता पार्टी के सेक्रेटरी हैं उनको बुरी तरह घायल कर दिया। उनको हैड इंजुरी है और वे आल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साईंसेज में हैं। वहां तो आतंकवाद नहीं था। देश में बेशक आपको राज चलाने का हक है। लेकिन जो प्रजातंत्रीय ढंग से लड़ना चाहते हैं और किसी समस्या का निदान निकालना चाहते हैं तो उनके साथ आपका इस तरह का व्यवहार क्या उचित है ? इसीलिये आज देश में टेरोरिज्म डेवलप कर रहा है, लोग उधर जा रहे हैं। जिस तरह से दरभंगा की घटना हुई अगर ऐसी ही घटनायें होती रहेंगी तो मैं आपको कहना चाहता हूं, मैं स्वतंत्रता सेनानी हूं, मैं भी लोगों से कहूंगा कि आप हथियार उठा लें क्योंकि यह सरकार बिना हथियारों के सुनने वाली नहीं है। ऐसी स्थिति आप देश में पैदा कर रहे हैं। आज पंजाब की समस्या बड़ी गंभीर समस्या है। इसलिये मैं फिर आपसे आग्रह करूंगा कि सभी विपक्षी लोगों के साथ बैठकर बात की जाये और वहां की राजनीति में जो नये एलीमेन्टस आ गये हैं जैसा कि मैंने पहले जिक्र किया आप इसका समाधान निकालिये। नहीं तो 6 महीने क्या, ऐसे कितने 6 महीने हम देंगे और केवल पंजाब ही नहीं, एक दिन ऐसी स्थिति आ जायेगी जब कि सारे भारत में प्रेसीडेंसियल सरकार की आवश्यकता आपको महसूस होगी, ऐसी आपकी दिशा जा रही है। इसलिये इसको आप रोकिये और इस प्रजातंत्र को, इस रिपब्लिक को बरबाद मत कीजिये। कहीं ऐसा न हो कि काले अक्षरों में आपका नाम लिखा जाये। इतना कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: Mr. Vice-Chairman, I rise to oppose the adoption of the resolution for extending the Prresident's rule in Punjab. President's rule in Punjab in the last six months has brought nothing but misery, greater alienation of the Sikhs from the mainstream, greater schism between the two communities and given greater fillip— and I would like to stress this point— to the concept of Khalistan than ever before. With the collapse of the democratic processes and with the resign of terror and corruption let loose by the unpopular and incompetent Punjab Government, there is much greater aversion, bitterness and even disgust against the Central authority. Firm belief has taken root that the Centre is only interested in destroying the very fibre and clan of Sikh communty which was proud of its glorious role in the service of the country, both before and after independence .

In the last six months there has been *el* veritable reign of terror and a shooting match between the police forces on one side and militants of various shades and hues s the other. It has given an opportunity to the anti-social elements of both sides to play havoc with the innocent and well-meaning people of the Punjab. While smugglers, dacoits, drug traffickers and gunrunners have continued to loot and kill for self-aggrandizement, the corrupt elements in the police forces are busy in harassing the innocent to extract money and improve their chances of promotion by killing innocent persons in false and fake encounters. Ribeiro himself hew ednrit-

ted publicly that his police is corrupt as everywhere else and he had to sack 50 people for extracting money from poor parents to get the release of innocent young people. Further, some of the senior officers, while denying that they kill innocent people *in* false encounters, have admitted that they had killed such militants against whom they have proof that these people had killed more than five persons. Now, who is the arbitrator to decide whether these people have killed five persons or not? The police themselves. Unless a person is found guilty, he is innocent. That aspect has been totally forgotten and the new black laws have made it possible for the corrupt police force to further play havoc with the innocent people. Myopic and blatantly autocratic attitude of the powers that be in the Centre has shown little or no sensitivity or imagination to take advantage of certain helpful and hopeful signs to strat the process of political dialogue, to understand and solve the problem during the last six months. Deliberately or foolishly every effort has been made to discredit and destroy the moderate leadership thereby strengthening the hands and credibility of the militants and divisive forces. All constructive efforts by Akal Takht Jathedar Prof. Darshan Singh have been blatantly sabotaged to justify the contrived excuse by this Government that there *h* no one to talk to.

It is a point of greater interest that while talking to Baba Amte, the DG of Police, Mr. Ribeiro, in Punjab i[n] the last week of September, stated that he was satisfied with the results. There were only 60 to 70 hard-core terrorists left, it would take him 9 to 10 months to liquidate them, after that it would be possible to contain the present movement but at no stage can it be eliminated. That means terrorism in Punjab. He and quite a few of his senior police officers who had met Baba Amte gave their assessment that their efforts could only make a ten per cent contribution towards solving this problem while ninety per cent is in the hands of the Government. They felt that the only possible positive political step was to assuage the hurt Sikh psyche and only that will improve the climate, when certain political measures can be taken.

Mr. Ribeiro himself has said that he felt that releasing the Jodhpur detenus would be one step in the right direction.

Now, Sir, I do not want to go into the figures of those killed during the last six months as these figures have been given by the various people. But, if Mr. Ribeiro in spite of this feels that he is achieving something, then we must give him credit for being a great optimist. But even if his confidence is well-founded, he at no stage claims that terrorism can be completely eradicated by police measures nor does he feel that his efforts are likely to contribute heavily towards finding a lasting solution. How then is the Government expending all its energies and resources in killing and jailing such a large number of people many of whom may be innocent? I feel that if the aim is to create the peace of the dead, maybe th[e] present method, as decided by the Government at the Centre, can succeeded, but only temporarily. If the aim is to create a climate of peace, amity and mutual confidence, you have failed miserably and you have caused tremendous damage to the Punjabi spirit. As distance in this vast country goes, there is not much physical distance between Delhi and Amritsar. But the emotional distance, however, puts Amritsar in a different planet. For the sake of ten per cent you may be winning the battle of the bullet. But you are well on your way of losing the battle of the mind which is ninety per cent of the problem. The victory in the battle of the bullet can only be transitory and may well become the cause for losing the war. You cannot bind people by force, by chains and shackles. You can, how-

[Sardar Jagjit Singh Aurora]

ever, bind them strongly and firmly with super glue of trust, mutual understanding and credibility.

If the Central Government hag any plans and is sincere in its intentions to solve the Punjab problem, it should spell out how it intends to use the next six months to restore and reestablish the democratic process, how it intends to re-establish its credibility amongst the people and win their confidence, how it intends to create a feeling of belonging as opposed to oppressive dominance, how it is going to meet the justifiable demands which, even though once accepted, remain totally unfulfilled, when it is going to start respecting human rights and human values and set free those people who have been incarcerated for so many years, how it is going to remove the false image... *(Time bell rings)*.. .created by its own media and, above all, how it is going to establish the rule of law.

Let the people breathe breath of real freedom. When is it going to punish the guilty of the heinous crimes of November 1984 killings? If the Government has a plan, an honest plan, and honest intentions t_0 implement the above-mentioned requirements, there may be som_e justification to extend the President's rule for the next six months. But from the past records of the last six months, and of the previous period of President's rule in 1984-85, one can have little hope and faith in the present Government about either the intention or the ability or the competence to do any of the things suggested earlier.

Under th_e circumstances, I do sincerely feel that a further extension will only cause greater misery to the people of Punjab and an Irreparable damage ot the democratic foundation and solidarity of the country.

Thank you.

SHRI DARBARA SINGH (Punjab); Sir, I will be brief. I have not heard the earlier speakers because X was away, outside the country Therefore, I will confine myself to what I have to say.

पंजाब की प्राबलम हम जब देखते हैं तो एक पक्ष से ली जाती है वह यह कि इसको एक्सटेंड न किया जाए ।

मैं उस बात में नहीं पड़ना चाहता जो डिपार्टाइट मीटिंग में सारी पार्टियां मिल कर आकाली दल को मजबूत करने के लिए और उसका फैसला करवाने के लिए उनके हक में क्या-क्या बातें उन्होंने कही हैं, मैं उसमें अब नहीं जाऊंगा क्योंकि वह बहुत बिटर बातें हैं जिन्होंने यह सिचुएशन डेवलप की । अब उनको कभी-कभी यह ख्याल आए कि हमने गलत बात की है, उस वक्त अकाली पार्टी की सपोर्ट इस हद तक करके—कि जो केस था उसको असली तौर पर नहीं समझा, बल्कि उनकी एक बिलकुल इस ढंग से मदद की आंख को बन्द करके, अब मैं उस बात को खोलूं, तो जरा तलख बात है, लेकिन मैं जरा आज की सिचुएशन अर्ज करना चाहता हूं ।

यहां बहुत कुछ कहा गया कि वह यह खराबी है, वह खराबी है, करप्शन हो रही है । मुझे यह नहीं पता कि बरनाले की सपोर्ट बहुत हुई, भलामानस होगा, ठीक होगा, कुछ होगा, कुछ नहीं होगा, मैं तो यह कहता हूं कि इनके वक्त में एक पेरेलल गवर्नमेंट बनी और वह वह थी टेरोरिस्ट की। उनका जो मिनिस्टर पकड़ा गया, उससे लाखों रुपया गवर्नमेंट ने निकाला है। करप्शन की इंतहा थी उस वक्त और लूट बाजार गर्म था । इसलिए इस सब चीज को लगाना पड़ा कि यह बात चलेगी नहीं क्योंकि उनकी एंट्री, टैरोरिस्ट के अपने सिम्पेथाइजर्ज की एंट्री उस वक्त हुई जब वह सरकार थी और उन्होंने ऐसे आदमियों को दाखिल किया हर शोब में, हर गवर्नमेंट के काम में, जो लोग उनके साथ थे, उनकी सिम्पेथी करते थ और वह

टैरोरिज्म को ज्यादा हवा देने के लिए उनका मुआवन बन रहे थे, ताकत बन रहे थे। अब अगर उनको कंटिन्यू आज तक करते, तो आज सारे के सारे पंजाब में आग लगी हुई होती।

रेबीरो को कुछ कहें, ठीक है कि कुछ आदमी गंदे थे, पुलिस में--उन्होंने उनको काबू किया है और काफी हत्तक की बात होती है वहां कि बाहर से आदमी आया है, लेकिन वह इस ढंग से चल रहे हैं कि उन्होंने कंट्रोल किया है। आज देहात में हो, कस्बात में हो, किसी जगह हो, एक कानफिडेंस आया है कि कोई ताकत है सरकार की जो इन टैरोरिस्ट्स को मीट करती है और इस सिचुएशन को काबू में करने में सफल है। यह कानफिडेंस अब अवाम में आया है। लोग अब भी मर रहे हैं, यह और भी शायद चले। लेकिन यह कानफिडेंस लोगों में जरूर आया है, बावजूद इस बात के कि वहां किलिंग्ज हैं। यह कहां से आया है? यह पुलिस के टाइटन करने से, उनकी एडमिनिस्ट्रेशन को दुरुस्त करने के लिए रेबोरो ने जो कुछ किया है--ही इज ए ब्रेव मैन, वी मस्ट एप्रिशिएट, उन्होंने जो कुछ किया है। अब वहां निहायत एक्सपीरिएंस्ड पालिटिशन जो था, अब वह गवर्नर बन गया है। उन्होंने कहा है कि अब मैं किसी पार्टी का नहीं हूं। ठीक बात है गवर्नर के तौर पर वह काम करते हैं... (व्यवधान) आप में से बहुत से डिफीट होकर फिर आ जाते हैं, क्या करें। लेकिन सवाल यह कि वह लोग अब डिफीटड कितने हैं, हम भी डिफीट हुए हैं और आप भी कितनी बार डिफीट हुए है। आप यह बात छोड़िए। राजनीति में किसी की जिन्दगी हमेशा के लिए पायेदार नहीं है। वह ऊपर-नीचे होती रहती है। आप कभी नीचे गए, कभी आगे आए और हम भी कभी नीचे गए और कभी आगे आये। प्राइम मिनिस्टर को आपने 1977 में हमें सब को चलता कर दिया और हमने आपको 1980 में चलता कर दिया। ... (व्यवधान)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : अब फिर चलता होने वाले हैं।

श्री दरबारा सिंह : शायद आपको हम चलायें। हमें विश्वास है कि आपको हम चलायेंगे। आप भी जरा बाहर की सैर ज्यादा करें बनिस्बत अन्दर के, आप यह बात छोड़िए कि क्या होने वाला है। हम तो इस बात के हक में हैं कि गरीबों को भी उसके हक में सब कुछ हो। आप भी चाहते हैं और करेंगे तथा उस बात के लिए लगे हुए हैं। लेकिन मैं आज पंजाब के बारे में कहना चाहता हूं। यह कहना कि सैन्टर ठीक बात नहीं करता, उसका मन ठीक नहीं है, इंटेंशन ठीक नहीं हैं, मैं कहता हूं कि अगर इंटेंशन ठीक नहीं होती तो आज जो हालत है वह भी न होती और उससे भी खराब होती। पिछले साल ठीक है मर्डर्ज हुए हैं, किलिंग्ज हुई हैं लेकिन यह कहना कि यह हिन्दुस्तान की सरकार की वजह से हुई हैं मैं समझता हूं कि इसमें कोई जान नहीं है। इसमें कोई तर्क नहीं है, लौजिक नहीं है। कहते हैं कि इन्नोसैंट्स को मारा जा रहा है उन्होंने लिस्ट मांगी है कि दीजिए, कौन से निर्दोष आदमी हैं जो कि मारे गए हैं। आजतक तो किसी ने दी नहीं। यह कहे जाना और प्रोपेगंडा के तौर पर मीडिया को इस्तेमाल किया जाना यह अलग बात है, वह आप कर सकते हैं क्योंकि यहां पर किसी को इजाजत है। यहां डेमोक्रेसी है और यह इस हद तक चली गई है कि राइट्स को हम लेते हैं, हमने रेसपांसिबिलिटी का कभी ध्यान नहीं किया। यही बात हमारे खिलाफ जा रही है। कि राइट्स के लिए हर कोई अपना सर उभारता है लेकिन रेसपांसिबिलिटी को डिसचार्ज करने के लिए उनकी कोई हिम्मत और सोच नहीं है। आज कहते हैं कि करप्शन है। जरूर होगी। लेकिन हम दूर करने की कोशिश करते हैं। हमने कंट्रोल करने की कोशिश की है और सरकार चल रही है। पिछले 6 महीने में वारदात की बात नहीं करता,

[श्री दरबारा सिंह]

लोगों में कंफीडेंस जरूर आया है। आज मैं यह जरूर कहता हूं कि आप किसी देहात में चले जाइये, हिन्दू और सिख का आपस में कोई क्लेश नहीं है। क्लेश किस बात से है, वह यह है कि कभी किसी ने यहां नाम लिया कि पाकिस्तान की दुकानें वहां खुली हुई हैं, वहां से वे असला लेते हैं और ट्रेनिंग देकर यहां भेजते रहे हैं और अभी भी स्नीकिंग हो रही है, कभी काश्मीर की तरफ से हो जाए, कभी राजस्थान की तरफ से, कभी नेपाल की तरफ से हो जाए। कहीं न कहीं से असला लेकर आयेंगे। मारने-मराने की बात अभी तक जारी है। अब वे रन पर हैं। कभी दिल्ली में छुपते हैं और कभी इधर-उधर जाते हैं, 100 के करीब होंगे जो लोग बिल्कुल डाई हार्ड डाई टैरोरिस्ट्स हैं। उनको काबू करने के लिए कहते हैं उनके बारे में कहते हैं कि वे इन्नोसेंट हैं। अगर वे इन्नोसेंट हैं तो दुनिया में किसको इनोसेंट आप कहेंगे जो लोगों को भरे बाजार में आकर मारते हैं, उनको कत्ल करते हैं और भाग जाते हैं। अगर उनको कहीं पकड़कर मार दिया जाता है एनकाउंटर में तो कहते हैं कि इन्नोसेंट को मारा जा रहा है। यहां दो पार्टियों की बात कही गई अकाली दल आपस में लड़ा, मुझे यह पता नहीं लगा कि गुरुद्वारे का इस्तेमाल क्यों इस बात के लिए किया जाता है पोलिटीकल बात के लिए आनंदपुर साहब में दोनों इकट्ठे हुए, एक ऊपर मीटिंग कर रहा है एक नीचे कर रहा है। वह उनको गाली दे रहा है, वह उनको गाली दे रहा है। वह कहता है कि मेरे साथ ज्यादा हैं, वह कहता है कि मेरे साथ ज्यादा हैं। अब किसके ज्यादा हैं और किसके ज्यादा नहीं हैं इसका पता नहीं चलता। एक बात कभी किसी ने नहीं कही कि हम इकट्ठे होकर आतंकवाद का मुकाबला करेंगे, बी बिल कम विद द हैड एंड टेल आफ् इट। किसी ने कहा है? केवल बातें करने से काम नहीं बनता। केवल किसी का लिखा लिखाया पढ़ने से कोई बात नहीं बनती। बात तब बनती है जब आपको उसका पूरे तौर पर ज्ञान हो, अगर स्थिति का पूरी तरह से विश्लेषण करें। अगर वे आपस में लड़ते हैं अगर जो आदमी जेल में हैं इनके लीडर्ज उन्होंने नहीं किया और जब पिछली बार प्रेसीडेंट चुने गये गुरचरण सिंह टोहरा जी चुने गए उन्होंने तीसरे दिन जो सेक्योरिटी के अन्दर आदमी रखे हुए थे उन सब को कहा कि बाहर निकलो, तो फौरन कब्जा किसका हुआ? टैरोरिस्ट्स का कब्जा हुआ। यह झंडा जो खालिस्तान का लहराते हैं इधर-उधर जाकर उसके पीछे यह है कि तमाम जो शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी थी उन्होंने अपने आपको वहां से विदड्रा कर लिया। अब खाली जगह देख कर कोई भी ऊपर कर ले। इसलिए उन्होंने कभी किसी को नहीं जाने दिया। आज गुरुद्वारे में जाने से लोग एतराज करते हैं, नहीं जाना चाहते, न सिख चाहता है और न हिन्दू चाहता है। कहते हैं कि हम वहां जाएंगे तो हमें पीस आफ माइण्ड नहीं मिलेगा, वहां से डिस्टर्बेन्स मिलेंगी क्योंकि वहां वह लोग हैं, जिनके बारे में क्या आपने अखबारों में नहीं पढ़ा कि गुरुद्वारे में कितने क्रेरेक्टर के खिलाफ बातें हुई हैं। अखबारों में जो निकला है, उसका किसी ने जवाब भी नहीं दिया है। गुरुद्वारे के अंदर जो कमरे रखे हुए हैं अन्डरग्राउन्ड हैं, उसके बारे में अखबारों में आया है, लड़कियों को दिखाया, उन्होंने लेडीज को दिखाया, विडोज को दिखाया, जिनको दूसरे काम के लिए इस्तेमाल किया जाता है। कभी इस बात का ख्याल रखा है, किसी ने कंडम किया है, जो अपने आपको अकाली कहते हैं या अकालियों के नुमायंदे कहते हैं। आज वह भी दो हिस्सों में चला गया है। कभी बरनाला जी स्टेटमेंट देते हैं कि मुझे चीफ मिनिस्टर बना लो, कभी दूसरी पार्टी स्टेटमेंट देती है कि मुझे चीफ मिनिस्टर बना लो। चीफ मिनिस्टरी के ख्वाहिशमंद हैं, लेकिन टेरोरिज्म का मुकाबला करने के लिए तैयार नहीं क्योंकि पाकिस्तान के साथ दोस्ती है। इनके साथ पाकिस्तान जो कुछ कर रहा है, पैसा दे रहा है, सब कुछ कर रहा है, आदमी भेज रहा

है, प्लानिंग कर रहा है, साथ ही कहता है, कि ट्रेनिंग जो है हमसे लेकर आओ और यह काम करो। डिस्ट्रेब्लाइजेशन अगर आप इस तरह से करते हैं, पंजाब में सब कुछ हो रहा है, आप गलतफहमी में हैं, पंजाब में जो सिचुएशन पैदा की जा रही है यह टेरोरिस्ट ने की है, उसमें यह बात सारे हिन्दुस्तान से ताल्लुक रखती है . . .

Once destabilisation starts from that area, the whole of the country will be involved in it. We must understand that people have taken to killing to start such movements in the rest of India. You do not know what is going on. These killings are going on with a purpose and it is being done there also.

तो आप इसलिए उसको यह न समझिए कि पंजाब की समस्या जो है गाली-गलौज निकालने से हल हो जायेगी। एडमिनिस्ट्रेटिवली वे कर रहे हैं। हां, एक बात मैं मानता हूं कि जो लोग इनोसेन्ट है, कहीं भेजे हुए हैं उनको वापस कर दिया जाये। लेकिन जिन्होंने दस-दस कतल किए हुए हैं और लोगों को पता है, बाहर आने के लिए या गवाही देने के लिए तैयार नहीं हैं क्योंकि उन्हें पता है कि कोर्ट में जाने से पहले मेरी छाती पर गोली होगी टेरारिस्ट की, लेकिन मारे हैं उन्होंने यह सबको पता है, अगर आप उनका कहते हैं कि उनको छोड़ देना चाहिए तो आप टेरारिज्म को इन्कीज करना चाहते हैं? मैं मानता हूं कि जो इनोसेन्ट हैं, उन को वापस करना चाहिए।

ठीक है, हम भी सोचते हैं कि पेकेज प्रोग्राम गवर्नमेंट का होना चाहिए, जिसमें कि सारी चीज हो, उसको जो इकनोमिकली नुकसान पहुंचा है, उसके लिए भी हो और यह ड्राफ्ट में भी कोई काम किया है, आप जाकर देखिए जो बोनस मिला है किसान को, उससे किसानों में इस बात की खुशी है कि हमें बोनस मिला है, जो खराबी हुई है, उसका बदला मिला है। इस तरह से बहुत कुछ हुआ है। उसके साथ-साथ डिस्ट्रिब्यूशन जो है, वह इक्वीटेबल हुई है। आपने कभी देखा है यह हिन्दुस्तान में।

महोदय, मैं देखता हूं कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, 1925 का जो एक्ट है, उसके मुताबिक बना हुआ है। आप यह बताइए, कंस्टीट्यूशन में यह प्रोवीजन है कि नहीं कि हम रिलीजियन को प्रोटेक्शन करते हैं, उसको प्रमोशन नहीं देंगे क्योंकि किसी भी गवर्नमेंट का, जो भी सत्ता में आए, उसका रिलीजियन कोई नहीं है। जो एक डिस्क्रिमनेटरी पहले की हुई है। गवर्नमेंट आफ इंडिया ने कांस्टीट्यूशन में दिया है, उसके मुताबिक हमें चाहिए कि हमारा हिन्दू, हरिजन या क्रिश्चियन या किसी भी और रिलीजियन के लोग जो हैं, उनके लिए कोई एक्ट ऐसा नहीं बना हुआ, जिसमें गवर्नमेंट आप खुद अपने चुनाव कराएं और चुनाव कराने के बाद उन लोगों के हाथों में दे दे जो रिलीजियन और पोलिटिक्स को इकट्ठा मिलाकर हमारे खिलाफ सारे हिन्दुस्तान में एक विवाद पैदा करे। यह होता रहा है। इसलिए मैं यह कहता हूं कि रिलीजियन और पोलिटिक्स को अलहदा-अलहदा करने की बात करनी पड़ेगी और जो भी देश में कम्युनल पार्टी है उसके साथ हमें अपना रिश्ता तोड़ना पड़ेगा, तभी जाकर यह बात हो सकती है।

अगर आप निश्चित कर दें कि जो अकाली पार्टी जो रिलीजियन और पोलिटिक्स को इकटठा करके चलती है वह अलहदा-अलहदा कर दे यानी जो रिलीजियन में काम करने वाले हैं, वह रिलीजियन में काम करें, वह ग्रंथी बनें या कोई और चीज बनें तो बन जायें, लेकिन उनको यह कभी इजाजत नहीं होनी चाहिए कि वह पोलिटिक्स में आएं और इसी तरह जो पोलिटिक्स में हिस्सा लेते हैं वह गुद्वारे में न जायें अगर आप ऐसा कोई लैजिसलेशन यहां भी पास कर दें, तो भी ठीक है। मैं तो इस बारे में बिल्कुल स्पष्ट हूं और

[श्री दरबारा सिंह]

कांग्रेस पार्टी की पालिसी भी यह है कि जो कम्युनल पार्टी हैं, उससे कोई रिश्ता नहीं रखना। तो यह बातें करने की हैं। अगर उसके लिए आप हमारे साथ मिलकर चलें और इस गवर्नमेंट को हम कहें कि ऐसा लेजिस्लेशन लाना चाहिए कि पालिटिक्स और रिलीजन को अलहदा कर दें तो इस तरह आपकी आधी से ज्यादा प्राब्लम दूर हो जाएगी। आप यह क्यों नहीं कहते कि यह एक रीजन है जो हमें वहां मददगार साबित हो सकता है। इसके साथ हम देखें कि 6 महीने में सेंट्रल गवर्नमेंट की यह कोशिश होगी कि वहां नार्मलसी आए, उसका जो डेमोक्रेटिक सेटअप है, वह आए। लेकिन उसके लिए हालात पैदा करने की जरूरत है। यहां हमारे एक दोस्त शर्मा जी ने कहा कि वहां सब पार्टियां इकट्ठी हुई हैं--बरनाला के वक्त हुई हैं या उसके बाद हुई हैं। यह गलत बात है। अगर पार्टी इकट्ठी हुई है तो उन्होंने गवर्नमेंट या एडमिनिस्ट्रेशन के कंडेमनेशन के कुछ नहीं किया है। लेकिन उसका क्या फायदा है। हम कांग्रेसवाले आज वहां जो हैं हम इकट्ठे चलने के लिए तैयार हैं। जो कम्युनल पार्टी नहीं है, वह हमारे साथ आएं। हम इकट्ठे चलने के लिए तैयार हैं। आज किसी ने आगे आने की इस बात के लिए कोशिश नहीं किया है कि टेरोरिज्म कैसे खत्म हो सकता है? अलहदा-अलहदा गाली-गलौच करते हैं। उससे आगे बढ़ने के लिए तैयार नहीं हैं। यह पार्टी का सवाल नहीं है, यह हिन्दुस्तान का सवाल है। पंजाब में टेरेरिज्म का मुकाबला करने का सवाल है। इसके लिए हम काम करने के लिए तैयार हैं।

इसके साथ हम चाहते हैं कि इकोनोमिक प्रोग्राम वहां होने चाहिए। यूथ को इम्प्लाय करना चाहिए। लाखों लोगों को इम्प्लाय करना चाहिए। कभी हमारे प्राइम मिनिस्टर ने यह नहीं कहा कि हम इसे हल नहीं करना चाहते। लेकिन जब तक टेरोरिज्म हमारे सामने है, हम किसी फिरकापरस्त से बात करने के लिए तैयार नहीं है। जो टेरेरिज्म को हवा दें और हम उनसे बात करें तो यह दो बातें कैसे हो सकती हैं। पहले वहां नार्मल हालात होने चाहिए। वहां अकाली दल दो हिस्सों में बंटा हुआ है। ये दोनों कहें कि हम टेरोरिज्म से लड़ने के लिए तैयार हैं। यह एक आदमी भी नहीं कहता। यहां किसी ने सिर नहीं उठाया कि बिलकुल गलत बात हो रही है। वहां करप्शन है। इस के लिए एक हद तक गाली-गलौच दी जा सकती है। मैं तो यह कहता हूं, प्रोफेसर दर्शन सिंह का नाम लिया गया, हमने कब कहा कि वे गुरुद्वारा में न जाएं। लेकिन वे डरते हैं। पता है जाने से पहले ही परमात्मा की तरफ रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा, इसलिए नहीं जाते। हमने कब कहा कि वे पैर पकड़कर अपना फैसला न करवा लें। दर्शन सिंह समझदार आदमी हैं। वह काम करने लगे थे तो कहा गया कि यह हिन्दू सरकार से मिला हुआ है। किस बात के लिए वह यहां आए हैं। वे आए नहीं। कोई संदेश भी नहीं आया। वे आपस में यह कहते हैं। उन्होंने यह रेजोल्यूशन पास कर दिया कि आनंदपुर साहिब का जो रेजोल्यूशन है, वह बड़ा खतरनाक रेजोल्यूशन है। अलहदगी की पालिसी उसमें मौजूद है। हम उसको कबूल करने के लिए तैयार नहीं हैं। आनंदपुर साहिब मानी हुई जगह है, इसका मतलब यह नहीं है कि उसके नाम पर हिन्दुस्तान को तोड़ने की कोशिश की जाए। ... इसलिए integrity of tbe country depends on this that we go to villages and make the people feel that we are with them and the whole of India is with them.

उनकी मदद कीजिए। आइए इकट्ठे होकर चलिए। एडमिनिस्ट्रेटिवली वे काम कर रहे हैं और पोलिटिकली हम काम करें ताकि पंजाब फिर आगे बढ़ सके और पंजाब फिर अपने पांव पर खड़ा हो सके। इसके लिए जरूरी है कि आज जो काम चल रहा है उसके लिए और वक्त इस सरकार को मिल सके ताकि 6 महीने के अन्दर हम इस हद तक पहुंच सकें कि

वहां नार्मलसी की स्थिति आ जाय और हमारे आसपास किसी प्रकार का खतरा न रहे कि पाकिस्तान टेरोरिस्ट्स को ट्रेन्ड करके हमारे यहां भेज रहा है और टेरोरिज्म का बढ़ावा दे रहा है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI T. R. BALU (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman Sir, once again, this Government is closing the doors of democracy as it seeks the permission of Parliament to extend the President's Rule under article 356 of the Constitution. Sir, time and again, article 356 has been described by many democrats as the" Sword of Damocles which hangs just above the heads of State Governments. This article has often been described as a dangerous weapon in the hanus_ of the Central Government.

[The Vice-Chairman (Shri Jagesh Desai) in the Chair.]

Sir, this Resolution is an ample proof that the Punjab accord has miserably failed like the other accords which the Prime Minister entered into. What is happening is daily bloodshed as we see in Sri Lanka where the Indian Army is waging a warr employing 30,000 troops, hundreds of tanks and aircraft under the guise of disarming the militants. This Government is only deceiving us and the people. I do not agree that by extending the President's Rule, we will be able to bring about an improvement in the law and order situation in Punjab. I would like to point out in this connection that after Punjab came under President's Rule six months ago, the number of killings has increased and it is higher than was the case under Barnala's Government. Therefore, no useful purpose is going to be served by extending the President's Rule.

